DAV PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
PERIODIC ASSESSMENT -I (2022-23)

- Check that this question paper contains 2 printed pages.
- Check that the question paper contains 6 questions.
- Write down the Serial Number of the question in the left side of the margin before attempting it.
- 15minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed 15 minutes prior to the commencement of the examination. The students will read the question paper only and will not write any answer on the script during this period.

CLASS-VII
SUB: HIGHER HINDI

Time Allowed: 1½ Hours **Maximum Marks : 40**

सामान्य निर्देश

1.इस प्रश्न पत्र के चार खंड हैं क, ख, ग और घ ।

2.सभी खंड अनिवार्य हैं।

3.कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

खंड-क

Q1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए **(1X5=5)**

परोपकार से बढ़कर और कोई पुण्य नहीं है। वेदों और उपनिषदों में भी यही कहा गया है। भारतीय संस्कृति परोपकार के लिए जानी जाती है। महर्षि दधीचि ने वृत्रासुर से रक्षा करने के लिए देवताओं को अपनी अस्थियाँ दान में दे दी थीं। राजा शिवि ने कबूतर की रक्षा के लिए बाज को अपना माँस काटकर खिलाया। देश को स्वतंत्र कराने के लिए हजारों भारतीयों ने अपने प्राण त्याग दिए थे। दूसरों के कष्टों को अपना कर देखिए। कष्ट में किसी का सहारा बनकर देखिए। दु:खी व्यक्ति के दु:ख दूर हो जाने पर,उसके मुख पर आई मुस्कान के कारण यदि आप हैं तो आप से महान और कोई नहीं है।

क. वेदों और उपनिषदों में क्या कहा गया है?

ख. दूसरों के लिए किस-किसने बलिदान दिए?

ग. महान कौन है?

घ. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

ङ. भारतीय संस्कृति किसलिए जानी जाती है?

खंड-ख

Q2. 'समय का महत्त्व' विषय पर 100 से 125 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए । **(5x1=5)**

खंड-ग

Q3 क. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए । (1+1=2)

I. दैत्य II. साँप

ख. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए । (1+1=2)

I. किए गए उपकार को मानने वाला

II. जिसमें धैर्य हो

ग. दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखिए । (1+1=2)

I. मुँह की खाना

II. दाँत पीसना

घ. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए । (1+1=2)

I. बादल में

II. फुलझड़ी

ङ. भाववाचक संज्ञा बनाकर लिखिए । (1+1=2)

I. बच्चा

II. बुरा

खंड-घ

Q4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । (1x6=6)

क. कौन सा महीना मन में नई उमंग भर देता है ?

ख. रंगों के कारण जीवन कैसा लगता है?

ग. राकेश ने नाटक का नाम क्या बताया ?

घ. सयाल कहाँ की रहने वाली थी ?

ङ. 'निर्मला, साँप और सयाल' कहानी के लेखक कौन हैं?

च. सोहन नाटक में क्या बना था ?

Q5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (20-30) शब्दों में लिखिए । (2x5=10)

क. वर्षा ऋतु में क्या-क्या होता है ?

ख. राकेश ने नाटक में अभिनय क्यों नहीं किया?

ग. राकेश ने नाटक को कैसे संभाला ?

घ. साँप द्वारा पकड़े जाने पर निर्मला को क्या लगा?

ङ. यदि आप निर्मला की तरह किसी मुसीबत में फँस जाएँगे, तो क्या करेंगे ?

Q6. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर विस्तार से लिखिए। (4)

गुस्से या क्रोध को शांत करने के लिए हमें क्या करना चाहिए? महीनों की तरह अपनी पहचान बनाने के लिए क्या करेंगे ?